**FORM B**
**PUBLIC ANNOUNCEMENT**
**(Regulation 12 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Liquidation Process) Regulations, 2016)**
**FOR THE ATTENTION OF THE STAKEHOLDERS OF**
**SIGMA-C INFRASTRUCTURE PRIVATE LIMITED**

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Corporate Debtor | **Sigma-C Infrastructure Private Limited** |
| 2. | Date of Incorporation of Corporate Debtor | 25th September, 2012 |
| 3. | Authority under which corporate debtor is incorporated/ registered | Registrar of Companies - Kolkata |
| 4. | Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No. of Corporate Debtor | U45400WB2012PTC186379 |
| 5. | Address of the registered office and principal office (if any) of the corporate debtor | **Registered Office:** 52A Shakespeare Sarani, Kolkata – 700017, West Bengal. |
| 6. | Date of closure of Insolvency Resolution Process | 27th August, 2024 |
| 7. | Liquidation commencement date of corporate debtor | 27th August, 2024 (Order received from the Hon'ble NCLT, Kolkata Bench on 28th August, 2024) |
| 8. | Name and registration number of the insolvency professional acting as liquidator | Hansraj Jaria<br>**IBBI Reg. No.:** IBBI/IPA-002/IP-N00835/2019-2020/12663 |
| 9. | Address and e-mail of the liquidator, as registered with the Board | **Address**: 36, Abinash Sashmal Lane, Beleghata, Phoolbagan, Near Pawanputra Hotel, Kolkata - 700010.<br><br>**Email:** hansrajjaria@gmail.com |
| 10. | Address and e-mail to be used for correspondence with the liquidator | **Address**: 36, Abinash Sashmal Lane, Beleghata, Phoolbagan, Near Pawanputra Hotel, Kolkata - 700010.<br><br>**Email:** sigmac.liquidation@gmail.com |
| 11. | Last date for submission of claims | 26th September, 2024 |

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal, Kolkata Bench has ordered the commencement of liquidation of Sigma-C Infrastructure Private Limited on 27th August, 2024. Mr. Hansraj Jaria was appointed as Liquidator by the Hon'ble NCLT, Kolkata Bench on 27th August, 2024 (Order received from the Hon'ble NCLT, Kolkata Bench on 28th August, 2024).

The stakeholders of Sigma-C Infrastructure Private Limited are hereby called upon to submit their claims with proof on or before 26th September, 2024, to the Liquidator at the address mentioned against item No.10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with the proof in person, by post or by electronic means.

Submission of false or misleading proof of claims shall attract penalties.

HANSRAJ JARIA
INSOLVENCY PROFESSIONAL
Regn. No.:
IBBI/IPA-002/IP-N00835/2019-2020/12663

In case a stakeholder does not submit its claims during the liquidation process, the claims submitted by such a stakeholder during the corporate insolvency resolution process under the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016, shall be deemed to be submitted under Section 38.

HANSRAJ JARIA
INSOLVENCY PROFESSIONAL
Regn. No.:
IBBI/IPA-002/IP-N00835/2019-2020/12663

**Hansraj Jaria**
**Liquidator**
Sigma-C Infrastructure Private Limited
IBBI Reg. No.: IBBI/IPA-002/IP-N00835/2019-2020/12663

Date: 01.09.2024
Place: Kolkata

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्रीड़ा भारती ने आयोजित की चैतन्य भारत दौड़






**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** भारत के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती व राष्ट्रीय खेल दिवस के पावन अवसर पर क्रीड़ा भारती ने संपूर्ण भारतवर्ष में जिला मुख्यालयों पर दौड़ का आयोजन किया। इसी क्रम में राजस्थान में भी जोधपुर, जालौर, कोटा, उदयपुर, चित्तौड़, भीलवाड़ा, दौसा, बस्सी आदि जिलों में चैतन्य भारत दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ कार्यक्रम स्थल प्रियंका हॉस्पिटल से प्रारंभ होकर अरावली मार्ग, शिप्रा पथ, वीटी रोड, मध्यम मार्ग व पटेल मार्ग से शिप्रा पथ, अरावली मार्ग होते हुए पुनः प्रियंका हॉस्पिटल पहुंची।

पूरे आयोजन में लगभग 1500 धावकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों के आयु के अनुसार समूह बनाए गए थे, फिर उसी अनुसार उन्हें दौड़ने का लक्ष्य दिया गया। यह 11 से 14 वर्ष की आयु के बालक व बालिकाओं के लिए 2 किमी, 14 से 17 वर्ष की आयु के बालक व बालिकाओं के लिए 5 किमी तथा 17 वर्ष से ऊपर की आयु के महिला व पुरुषों के लिए 5 किमी था।

**विजेताओं को मिले नकद पुरस्कार:-** प्रत्येक समूह में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 5100, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2100 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 1100 नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। क्रीड़ा भारती जयपुर प्रांत के प्रांत मंत्री कैलाश चंद शर्मा द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना रखे जाने के बाद क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर, क्षेत्रीय संयोजक मेघ सिंह चौहान, प्रांत अध्यक्ष डॉ.जी एल शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया।

**क्रीड़ा भारती समाज को मोड़ेगा खेलों की ओर:-** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सैनी ने उपस्थित धावकों, खिलाड़ियों, खेल-प्रेमियों एवं दर्शकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संगठन द्वारा खेलों के प्रति सकारात्मक जागरूकता लाने हेतु किए जा रहे इस प्रकार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि संगठन ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को खेलों की ओर ले जाने में अवश्य ही सफलता प्राप्त करेगा। इस अवसर पर प्रांत कार्यकारिणी व महानगर के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 'एक्सप्लोर द वर्ल्ड ऑफ फोरेंसिक साइंस' का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर के प्राणिशास्त्र विभाग द्वारा छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं प्राणिशास्त्र अनुप्रयोगों से अवगत कराने हेतु विस्तार व्याख्यान 'एक्सप्लोर द वर्ल्ड ऑफ फोरेंसिक साइंस' का आयोजन, 31 अगस्त, 2024 को किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया एवं छात्राओं को फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र को ठीक से समझने के महत्व पर जोर दिया।

मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस क्षेत्र में कई तरह के विज्ञानों को इस्तेमाल किया जाता है तथा फोरेंसिक साइंस के जरिये आपराधिक मामलों में वैज्ञानिक तरीको से साक्ष्य की जांच की जाती है एवं यह आपराधिक न्याय प्रणाली का एक अहम हिस्सा है। इस व्याख्यान के अन्तर्गत छात्राओं को सच्ची घटनाओं का उदाहरण देते हुए फोरेंसिक साइंस की बारिकियों एवं फोरेंसिक साइंस में रोजगार अवसरों के बारे में जानकारी दी। उप-प्राचार्य डॉ. रंजना अग्रवाल ने छात्राओं को उत्साहित किया। मंच संचालन सह-आचार्य डॉ. सुनीता शेखावत द्वारा किया गया। व्याख्यान का लाभ प्राध्यापिकाओं एवं 125 छात्राओं ने लिया।

### राज्यपाल को भारत स्काउट गाइड संरक्षक बैज

## युवा राष्ट्र निर्माण में बनें सहयोगी: राज्यपाल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य की अगुवाई में स्काउट गाइड शिष्टमंडल ने राजस्थान के नव नियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को संरक्षक बैज से अलंकृत करते हुए शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर राजस्थान भारत स्काउट व गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने राज्यपाल को प्रदेश स्काउट गाइड संगठन के संरक्षक बैज से अलंकृत किया। इससे पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने स्मृति चिन्ह, राज्य आयुक्त डॉ अखिल शुक्ला ने पुष्प गुच्छ व राज्य सचिव डॉक्टर पी.सी. जैन ने स्कार्फ पहना कर राज्यपाल बागडे का स्वागत व अभिनंदन किया।

राज्यपाल बागडे ने स्काउटिंग द्वारा प्रदेश में किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा कर प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रसर करने और राष्ट्र को मजबूत बनाने में ऐसे ही सह-शैक्षिक संगठन की आवश्यकता है।

बागडे ने कहा कि देश की समृद्धि के लिए युवा युवतियों को राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बनना होगा। इस अवसर पर आर्य ने राज्यपाल को स्काउट गाइड संगठन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रदेश की अभिनव व नवीन गतिविधियों एवं प्रदेश के स्काउट एवं गाइड्स द्वारा सुगम मतदान, पर्यावरण चेतना, सघन वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत अभियान इत्यादि में किए जा रहे विशिष्ट कार्यों से अवगत कराया।

इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य, राज्य आयुक्त डॉ. अखिल शुक्ला, राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्ना लाल, सुयश लोढ़ा उपस्थित थे।

## राज्यपाल से राज्य मंत्री की शिष्टाचार भेंट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन में शनिवार को गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान राज्यपाल को राम मंदिर और भगवान राम का छाया चित्र भी भेंट किया। राज्यपाल बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

## माइंस विभाग ने नागौर नरेन्द्र खटिक को घोषित किया जुलाई माह का बेस्ट परफोरमर ऑफिसर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** माइंस विभाग ने परफोरमेंस के आधार पर माइनिंग इंजीनियर नागौर नरेन्द्र खटिक को जुलाई माह का बेस्ट परफोरमर अधिकारी घोषित किया है।

निदेशक, खान एवं पेट्रोलियम भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि विभाग द्वारा नवाचार अपनाते हुए खान विभाग के 50 कार्यालयों में कार्य निष्पादन को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा स्थापित करते हुए प्रतिमाह माह बेस्ट परफोरमर अधिकारी घोषित करने का निर्णय किया है। चयन के लिए 100 अंकों की पूरी तरह से निष्पक्ष व ऑब्जेक्टिव प्रक्रिया अपनाई गई है। एमई नागौर नरेन्द्र खटिक को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसियेशन जारी किया गया है। अतिरिक्त निदेशक जयपुर बीएस सोढ़ा के कार्यक्षेत्र ने लगातार दूसरी बार बाजी मारी है। जून माह में एएमई दौसा को बेस्ट परफोरमर अधिकारी घोषित किया गया था। माइंस सचिव आनन्दी ने प्रतिमाह बेस्ट परफोरमर चयन करने को रिजल्ट ओरियेंटेड स्वस्थ्य परंपरा बताते हुए कहा कि इससे सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं। उन्होंने माइंस विभाग के अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हमें बेहतर परिणाम प्राप्त करने के समन्वित प्रयास करने होंगे।

डीएमजी कलाल ने बताया कि अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करने के लिए माह का बेस्ट परफोरमर अधिकारी घोषित कर प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाने लगा है। इसके लिए 100 नंबर का वस्तुनिष्ठ (ऑब्जेक्टिव) फोरमेट तैयार किया गया हैं जिसमें लक्ष्यानुसार राजस्व वसूली के लिए 40 अंक, प्लॉट डेलिनियेशन के 20 अंक, पुरानी बकाया वसूली के 15 अंक, अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए 15 अंक और संपर्क पोर्टल प्रकरणों के निष्पादन के लिए 10 अंक तय किये गये हैं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को इसी से समझा जा सकता है कि पहले स्थान पर रहे एमई नागौर नरेन्द्र खटिक ने जहां 71 अंक प्राप्त किये, वहीं एमई डूंगरपुर दिलीप सुथार 69 अंक, एमई जोधपुर भगवान सिंह 65 अंक और एमई बाड़मेर वेद प्रकाश और एमई बीकानेर महेश प्रकाश पुरोहित दोनों को 64-64 अंक प्राप्त हुए। एमई कोटा आरएन मंगल ने रेंकिंग में उल्लेखनीय सुधार करते हुए 63 अंक के साथ पांचवें स्थान पर आ गए। राजस्व वसूली में नागौर, डूंगरपुर, जोधपुर, बाड़मेर ने 40 में से 40 अंक प्राप्त किए वहीं बीकानेर और कोटा 39 अंक प्राप्त किए।

कलाल ने बताया कि बेस्टपरफोरमर की दौड़ में जुलाई माह में अतिरिक्त निदेशक जयपुर बीएस सोढ़ा और एसएमई अजमेर जयगुरुबख्सानी का कार्य क्षेत्र आगे रहा है। यह व्यवस्था अधिकारियों को बेहतर परिणाम देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। माना जाना चाहिए कि इसके आगे और भी अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**अवैध खनन के खिलाफ नाथद्वारा में बड़ी कार्रवाई:-** माइंस विभाग ने शनिवार को अल सुबह नाथद्वारा तहसील में अवैध बजरी खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। माइनिंग इंजीनियर राजसमंद द्वितीय ललित बाछरा के निर्देशन में नाथद्वारा तहसील के खेड़ाना में बनास नदी क्षेत्र में बजरी का अवैध खनन करते हुए दो पोकलेंड मशीन और एक ट्रेक्टर को जब्त किया गया है। एमई ललित बाछरा के नेतृत्व में वरिष्ठ फोरमेन हडमाता राम पटेल, कार्मिक गोपीलाल मेघवाल व होमगार्ड की टीम ने अल सुबह दबिश देकर यह कार्रवाई की। इससे क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में हडकंप मच गया।

## बंगाली बाबा मंदिर में प्रथम पूज्य का अभिषेक व श्रृंगार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** गणपति महोत्सव के तहत पुष्य नक्षत्र में शनिवार को दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा आत्माराम ब्रह्मचारी गणेश मंदिर में जयकारों के बीच प्रथम पूज्य का अभिषेक किया गया। इस दौरान आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। मंदिर प्रांगण में श्री महागणपति महोत्सव 6 व 7 सितम्बर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान कई धार्मिक आयोजन होंगे। महोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल व उपाध्यक्ष व संयोजक संजय पतंगवाला ने बताया कि महोत्सव के तहत आज पुष्य नक्षत्र में प्रथम पूज्य का दुग्धाभिषेक कर श्रंगार किया गया, जो भक्तों के बीच आकर्षण का केन्द्र रहा। उन्होंने बताया कि आगामी 6 व 7 नवम्बर को श्री महागणपति महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव के पहले दिन 6 को पंचामृत अभिषेक, सिंदूर अर्पण के बाद सिंजारा पर्व मनाया जाएगा। महामंत्री गजेन्द्र लूणीवाल ने बताया कि गणेश चतुर्थी को सुबह 5 बजे मोदक अर्पण के बाद दोपहर 1 बजे आरती व साम को 6 बजे भजन संध्या का आयोजन होगा।

## पौधारोपण किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय स्थित कैम्पस नर्सरी स्कूल की हीरक जयन्ती वर्ष के कार्यक्रमों की श्रंखला में शनिवार 31 अगस्त को समाज सेवी संस्था सृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी। उन्होने इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा संस्थापको की याद में एक-एक पेड़ लगाने एवं उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। पेड़ों के महत्व पर जोर देते हुए उन्होनें कहा कि 'पेड़-पौधे हमारी धरती की जीवन रेखा हैं। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए ताकि हम एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण प्राप्त कर सकें।' संस्था की निदेशिका डॉ. पारुल मित्तल ने सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान कैम्पस स्कूल सोसाइटी के उपाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार शर्मा भी उपस्थित थे।

## मानक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो शाखा जयपुर द्वारा कनोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में गठित मानक क्लब के अंतर्गत इस वर्ष की प्रथम गतिविधि मानक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 31 अगस्त, 2024 को किया गया। प्रतियोगिता में मानक क्लब के 50 सदस्य विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के मानक क्लब के मेंटर प्राध्यापिका महिमा रामचंदानी (मनोविज्ञान) ने मानक क्लब के उद्देश्य व गतिविधियों की जानकारी दी। प्राध्यापिका डॉ. रचना गोस्वामी ने भारतीय मानक ब्यूरो के आई.एस.आई मॉर्क, हॉलमार्क, इकोमॉर्क की जानकारी देते हुए उत्पादों की शुद्धता व मानवीकरण के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने पुरस्कार वितरित कर छात्राओं का प्रोत्साहन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अपूर्वा मित्तल, द्वितीय स्थान खुशी कजाला, तृतीय स्थान आरोही सोरल, चतुर्थ स्थान सिमरन शर्मा ने प्राप्त किये। कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापिका मेधा बाबेल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड फालना**

E_mail :- eephedfalna@yahoo.com, Ph.:- 02938-233684

**-: ई-निविदा सूचना 74-76/2024-25 :-**

राजस्थान के सरकार के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं अन्य मान्यता प्राप्त ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 20.09.2024 को मध्यान्ह पश्चात् 2.00 बजे तक ऑनलाईन बेची जाकर, उसी दिनांक को मध्यान्ह पश्चात् 2.00 बजे तक ऑनलाईन प्राप्त की जाकर उसी दिनांक को दोपहर 03.30 बजे तक उपस्थित ठेकेदारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन खोली जाने की कार्यवाही की जायेगी। धरोहर राशि फालना में देय किसी भी बैंक के **Demand Draft**/ई-ग्रास चालान के रूप में स्वीकार्य होगी। उक्त निविदा की नियम व शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। शर्त - 1. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास होगा। 2. निविदा बेचने एवं प्राप्ति के दिन यदि राजकीय अवकाश होगा तो निविदा दूसरे दिन बेची व प्राप्त की जायेगी।

| NIT No. | UBN No. | NIT No. | UBN No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 74 | PHE2425WSOB04108 | 75 | PHE2425WSOB04109 | 76 | PHE2425WSOB04110 |

( महेन्द्र सिंह राठौड )
अधिशाषी अभियंता
जन. स्वा. अभि. विभाग, खण्ड फालना

DIPR/C/7964/2024

**फॉर्म बी**

**लोक अधिसूचना**

(इंसॉल्वेंसी तथा बैंक रप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (परिसमापन प्रक्रिया) नियमन 2016)

**सिगमा -सी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड के**

अंशधारकों के ध्यानाकर्षण हेतु

| क्र. सं. | विवरण | जानकारी |
|---|---|---|
| 1. | कारपोरेट देनदार का नाम | **सिगमा-सी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड** |
| 2. | कारपोरेट देनदार के इनकारपोरेशन की दिनांक | 25 सितंबर 2012 |
| 3. | अभिकरण जिसके अंतर्गत कारपोरेट देनदार इनकारपोरेटेड/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, कोलकाता |
| 4. | कॉर्पोरेट पहचान संख्या / कॉर्पोरेट देनदार की सीमित देयता पहचान संख्या | U45400WB2012PTC186379 |
| 5. | कारपोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा मुखय कार्यालय का पता | **पंजीकृत कार्यालय:** 52ए शेक्सपियर सारानी, कोलकाता 700017, पश्चिम बंगाल |
| 6. | दीवालियेपन नियमन प्रक्रिया बंद होने की दिनांक | 27 अगस्त 2024 |
| 7. | कारपोरेट देनदार की परिसमापन प्रारंभ होने की दिनांक | 27 अगस्त 2024 (मान. एनसीएलटी, कोलकाता शाखा के आदेश प्राप्ति की दिनांक 28 अगस्त 2024) |
| 8. | परिसमापक के रूप में कार्यरत दीवालिया विशेषज्ञ का नाम एवं पंजीयन नंबर | हंसराज जरिया, IBBI Reg. No. IBBI/IPA-IPN00835/ 2019-2020/12663 |
| 9. | बोर्ड के साथ पंजीकृत परिसमापक का पता तथा ई-मेल | पता: 36, अभिनाश साशमल लेन, बेलघाटा, फुलबगान, पवनपुत्र होटल के पास, कोलकाता 700010 ई-मेल: hansrajjaria@gmail.com |
| 10. | परिसमापक के साथ संपर्क हेतु उपयोग हेतु पता तथा ई-मेल | पता: 36, अभिनाश साशमल लेन, बेलघाटा, फुलबगान, पवनपुत्र होटल के पास, कोलकाता 700010 ई-मेल: sigmaac_liquidation@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुति की अंतिम दिनांक | 26 सितंबर 2024 |

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, कोलकाता शाखा द्वारा 27 अगस्त 2024 को सिगमा -सी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड के परिसमापन का आदेश पारित किया है। श्री हंसराज जरिया को मान. एनसीएलटी, कोलकाता शाखा द्वारा 27 अगस्त 2024 (मान. एनसीएलटी, कोलकाता शाखा के आदेश प्राप्ति की दिनांक 28 अगस्त 2024) को परिसमापक के रूप में नियुक्त किया गया है। सिगमा-सी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड के अंशधारकों एतद्द्वारा उनके दावे प्रमाण सहित प्रस्तुति हेतु 26 सितंबर 2024 तक आमंत्रित किया है। जिसका विवरण मद क्र. 10 के समक्ष अंकित है।

वित्तीय लेनदार अपने दावे केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करें। अन्य सभी लेनदार अपने दावे डाक या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रमाण सहित प्रस्तुत कर सकते है। गलत या भ्रमपूर्ण प्रस्तुत किए गए दावे शास्ती के पात्र हो सकते है।

परिसमापन प्रक्रिया के दौरान यदि अंशधारक अपना दावा प्रस्तुत नहीं करता है, तो इंसॉल्वेंसी एंड बैंक रप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया नियमन 2016 (कारपोरेट व्यक्तियों हेतु इंसॉल्वेंसी प्रस्ताव प्रक्रिया) की धारा 38 अंतर्गत प्रस्तुत करें।

दिनांक: 01.09.2024
स्थान: कोलकाता

हंसराज जरिया
परिसमापक
सिगमा-सी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड
IBBI Reg. No. IBBI/IPA-IPN00835/ 2019-2020/12663

**जागरूक टाइम्स**

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com

## शेखावाटी विकास परिषद में भागवत कथा का समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** श्रीमद् भागवत कथा समिति के बैनर तले विद्याधर नगर, सेक्टर-1 स्थित शेखावाटी विकास परिषद मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन आज शनिवार को हुआ। इस मौके पर व्यास पीठ से व्यासपीठ से संत हरिशरण दास जी महाराज ने कहा कि गीता के उपदेशों में आत्मा की शुद्धि पर विशेष बल दिया गया है। गीता के उपदेश व्यक्ति को महान बनने के लिए प्रेरित करते हैं। श्रीमद्भगवदगीता में भगवान कृष्ण द्वारा दी गई सीखें आज के दौर में लोगों के लिए सक्सेस मंत्र से कम नहीं है। श्रीकृष्ण की बातें जितनी अर्जुन के लिए महत्वपूर्ण थी उतनी ही आज के इंसान के लिए हैं। अगर

### जीवन का मार्गदर्शन है भागवत गीता: संत हरिशरण दास



इन बातों को जीवन में अपना लिया जाए तो जीवन जीने की राह आसान हो जाएगी। इसके अलावा जिंदगी में आ रही बाधाओं का सामना करने में मदद करती हैं। ये भागवत हमसे हमारी पहचान कराती है। हमें जीवनयापन कैसे करना चाहिए यह सिखलाती है। उन्होंने कहा कि अगर व्यक्ति भगवान से मित्रता कर ले तो उसका संसार में आने के बाद मिलने वाले सभी दुखों से मुक्ति मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि मानव भौतिकवाद में इतना गुम हो गया है कि वह भगवान को याद करना ही भूल जाता है। कष्ट आने पर भगवान के दर पर माथा रगड़ता है, लेकिन कष्ट मिटते ही फिर से खो जाता है। उन्होंने कहा कि हमें मोक्ष की प्राप्ति के लिए अपने मन से अहंकार की भावना को मिटाना होगा। भगवान को प्राप्त करने का एक मात्र उपाय भक्ति है।

उन्होंने आगे कहा कि भागवत यह बताती है कि हम कैसे अपने जीवन को गीता के आधार पर जीयें। हम जीवन में व्यवहार कैसे करें तथा अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितियों में कैसे कार्य करें कि हम चिंता शोक तनाव भय व अन्य विकारों से निजात पा सकें। श्रीमद्भागवत हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। यह सिखाती है कि जीवन में चाहे कितनी ही मुसीबत आए, संकट आए हमें मुस्कुराते हुए हर पल बिताना चाहिए। जीवन में मित्रता से बड़ा कोई दूसरा धन नहीं है। इंसान हर रिश्ता रक्त के संबंध से निभाता है लेकिन मित्रता हृदय के संबंध से चलती है।